Seat No. : _______________

NI-134

November-2025

B.A., Sem.-V

DSC-M-354-A : Hindi

(Minor)

(हिन्दी व्याकरण)

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

सूचना : निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर निर्धारित क्रम के अनुसार ही लिखें ।

1. वर्ण की परिभाषा बताकर वर्ण के प्रकारों को समझाइए । **10**

अथवा

1. संज्ञा की परिभाषा बताकर प्रकारों को सोदाहरण समझाइए । **10**

2. विशेषण की परिभाषा बताकर विशेषण के प्रकारों को समझाइए । **10**

अथवा

2. क्रिया-विशेषण की परिभाषा और भेद स्पष्ट कीजिए । **10**

3. समास की परिभाषा और प्रकार समझाइए । **10**

अथवा

3. कारक और विभक्ति को सोदाहरण समझाइए । **10**

4. संधि की परिभाषा बताकर संधि के प्रकार समझाइए । **10**

अथवा

4. वाक्य की परिभाषा बताकर अर्थ के आधार पर वाक्य के प्रकार समझाइए । **10**

5. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (कोई **दस**) **10**

(1) 'वर्ण' किसे कहते हैं ?

(a) शब्दों के समूह को (b) ध्वनियों के मेल को

(c) भाषा की लघुतम इकाई को (d) शब्द की सबसे बड़ी इकाई को

(2) 'संज्ञा' का अर्थ है

(a) किसी कार्य का बोध कराने वाला शब्द

(b) किसी वस्तु या व्यक्ति के नाम का बोध कराने वाला शब्द

(c) किसी गुण का बोध कराने वाला शब्द

(d) किसी भावना का बोध कराने वाला शब्द

(3) 'सर्वनाम' वह शब्द है जो

(a) संज्ञा का गुण बताता है । (b) संज्ञा के स्थान पर आता है ।

(c) क्रिया को दर्शाता है । (d) किसी संज्ञा की संख्या बताता है ।

(4) 'जो संज्ञा या सर्वनाम की विशेषता बताता है', वह कहलाता है

(a) सर्वनाम (b) विशेषण

(c) क्रिया (d) क्रिया-विशेषण

(5) 'जो शब्द क्रिया या कार्य का होना या करना बताते हैं', उन्हें कहते हैं

(a) विशेषण (b) क्रिया

(c) क्रिया-विशेषण (d) संज्ञा

(6) 'वह बहुत अच्छा बोलता है' – यहाँ 'बहुत' शब्द कौन सा है ?

(a) परिमाणवाचक क्रिया-विशेषण (b) रीतिवाचक क्रिया-विशेषण

(c) स्थानवाचक क्रिया-विशेषण (d) कालवाचक क्रिया-विशेषण

(7) 'जब दो या दो से अधिक शब्द मिलकर एक नया शब्द बनाते हैं', वह कहलाता है

(a) संधि (b) समास

(c) प्रत्यय (d) उपसर्ग

(8) 'त्रिभुवन' शब्द में कौन सा समास है ?

(a) द्वंद्व (b) द्विगु

(c) तत्पुरुष (d) कर्मधारय

(9) 'राम ने सीता को फूल दिया' – वाक्य में 'सीता' कौन सा कारक है ?

(a) कर्ता (b) कर्म

(c) करण (d) संप्रदान

(10) 'लेखक' शब्द में 'अक' क्या है ?

(a) उपसर्ग (b) प्रत्यय

(c) कारक (d) अव्यय

(11) 'दो निकटवर्ती वर्णों के मेल से जो परिवर्तन होता है', उसे क्या कहते हैं ?

(a) उपसर्ग (b) संधि

(c) समास (d) प्रत्यय

(12) 'वाह! तुमने कमाल कर दिया ।' वाक्य का प्रकार है

(a) विधानवाचक (b) विस्मयादिबोधक

(c) आज्ञावाचक (d) संदेहवाचक

Seat No. : _______________

NI-134

November-2025

B.A., Sem.-V

DSC-M-354-B : Hindi

(NEP)

(हिन्दी उपन्यास)

Time : 2 Hours] **[Max. Marks : 50**

1. हिंदी उपन्यास के उद्भव और विकास पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

1. हिंदी उपन्यास के प्रकारों की चर्चा कीजिए । **10**

2. 'निर्मला' उपन्यास की कथावस्तु पर प्रकाश डालिए । **10**

अथवा

2. 'निर्मला' उपन्यास की प्रमुख समस्याओं की चर्चा कीजिए । **10**

3. 'मानस का हंस' उपन्यास की कथावस्तु अपने शब्दों में लिखिए । **10**

अथवा

3. 'मानस का हंस' उपन्यास के पात्रों का चरित्र-चित्रण कीजिए । **10**

4. ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : **10**
"बाधाओं पर विजय पाना और अवसर देखकर काम करना ही मनुष्य का कर्तव्य है । भाग्य के नाम को रोने – कोसने से क्या होगा ?"

अथवा

4. "राम-राम राम-राम रटते ही मैंने दुखों के पहाड़ धकेले हैं । स्मृतियों में खोकर बोलनेवाला बाबा का करुण स्वर अब वर्तमान की पकड़ लेकर बातें करने लगा । अपना-पराया दुख देखता हूँ तो मन अवश्य ही भर उठता है ।" **10**

5. सही विकल्प चुनकर उत्तर दीजिए : (कोई भी **दस**) **10**

   (1) तुलसीदास के जीवन को आधार बनाकर उपन्यासकार अमृतलाल नागर ने किस उपन्यास की रचना की ?

   (a) कबीर (b) जायसी
   (c) तुलसीदास (d) मीरा

(2) तुलसीदास की माता का नाम क्या था ?

(a) सीता (b) हुलसी

(c) गीता (d) मालती

(3) 'रत्नावली' किस उपन्यास की पात्र है ?

(a) मानस का हंस (b) गोदान

(c) निर्मला (d) झूठा सच

(4) तुलसीदास का लालन-पालन किसने किया ?

(a) पार्वती अम्मा (b) सीता अम्मा

(c) अय्यम्मा (d) मालती

(5) 'पुरुष तो निरे चाम का लोभी होता है जीव में बसे राम का नहीं ।' यह किसने कहा था ?

(a) तुलसी (b) रत्नावली

(c) पार्वती (d) अम्मा निर्मला

(6) 'मंसाराम' किस उपन्यास का पात्र है ?

(a) निर्मला (b) मानस का हंस

(c) गोदान (d) गबन

(7) किस उपन्यास की कथा दहेज प्रथा और अनमेल विवाह जैसी सामाजिक समस्याओं को प्रकट करती है ?

(a) मानस का हंस (b) झूठा सच

(c) निर्मला (d) आपका बंटी

(8) 'निर्मला' उपन्यास के लेखक कौन हैं ?

(a) यशपाल (b) मन्नू भंडारी

(c) अमृतलाल नागर (d) प्रेमचंद

(9) 'मानस का हंस' उपन्यास का प्रकाशन वर्ष क्या है ?

(a) 1970 (b) 1972

(c) 1974 (d) 1976

(10) 'निर्मला' का विवाह किससे हुआ था ?

(a) तोताराम (b) मंसाराम

(c) देवाराम (d) मेवाराम

(11) हिंदी उपन्यास का जनक किसे माना जाता है ?

(a) प्रेमचंद (b) यशपाल

(c) भारतेंदु हरिश्चंद्र (d) मन्नू भंडारी

(12) प्रेमचंद के किस उपन्यास को ग्रामीण जीवन और कृषक संस्कृति का महाकाव्य कहा गया है ?

(a) प्रेमाश्रय (b) रंगभूमि

(c) कर्मभूमि (d) गोदान